प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 28.07.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लोकसभा में लोक परीक्षा–अनुचित साधन निवारण संशोधन विधेयक पर हुई चर्चा : केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ.जितेंद्र सिंह ने कहा– युवा कल्याण की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है सरकार।
2. सर्वोच्च न्यायालय ने 18 वर्ष से कम उम्र और बिना किसी आपराधिक रिकॉर्ड वाले प्रदर्शनकारी विद्यार्थियों को तुरंत रिहा करने का दिया निर्देश।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट की नव निर्वाचित कार्यकारिणी को किया संबोधित : कहा– अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए सरकार उठा रही है प्रभावी कदम। और
4. कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न जनपदों में तैयारियां तेज़ : मेरठ में भारी वाहनों के लिए आज मध्य रात्रि से लागू होगा डायवर्जन।

———————

लोकसभा में आज लोक परीक्षा–अनुचित साधन निवारण संशोधन विधेयक, 2026 पर चर्चा शुरू हो गई। सदन में बिल पर चर्चा के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह नया विधेयक देश के विद्यार्थियों और युवाओंके कल्याण की रक्षा के लिए सरकार की गहरी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। उन्होंने कहा कि

इस विधेयक में दस वर्ष तक की कैद, दस करोड़ रुपये तक का जुर्माना और दोषी पाए गए अपराधियों की संपत्ति की ज़ब्ती जैसे कई महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि यह संशोधन विधेयक , कानून को और सख्त बनाने और तेज़ी से न्याय सुनिश्चित करने के लिए लाया जा रहा है, ताकि इन सभी परीक्षाओं की विश्वसनीयता बढ़ सके। बाइट.....

*स्पेशल फास्ट ट्रैक कोर्ट्स अब उसमें भी हमने एक समय सीमा तय कर दी है। 2 महीने के भीतर सारी जांच मुकम्मल की जाएगी और उसके बाद जो भी ट्रायल कोर्ट होगा उसमें यह 3 महीने यानी जिस दिन वारदात रिपोर्ट हुई है उस दिन से लेकर के आखिरी निर्णय आने तक 5 महीने से ज्यादा अवधि काल नहीं रहा जाए और सरकार की प्रतिबद्धता का आप इसी बात से अनुमान लगा सकते हैं कि इसी विधेयक एक के लाने के साथ ही साथ हमारे लॉ मिनिस्टर साहब की ओर से भी एक प्रस्ताव जारी कर दिया गया कि वक्त जाया ना हो तो यह जो स्पेशल फास्ट ट्रैक कोर्ट्स है इनको स्थापित करने का भी क्रम साथ ही साथ प्रारंभ किया जाए।*

---

सर्वोच्च न्यायालय ने आज गैर आपराधिक रिकॉर्ड वाले 18 वर्ष से कम आयु के छात्र प्रदर्शनकारियों को रिहा करने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने अधिकारियों को नीट परीक्षा पपर लीक के विरोध में हुए हालिया राष्ट्र व्यापी प्रदर्शनों से संबंधित इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखने का भी निर्देश दिया। एक रिपोर्ट......

*नीट परीक्षा पेपर लीक को लेकर हुए प्रदर्शनों के दौरान पुलिस के अत्यधिक बल प्रयोग के आरोपों से संबंधित विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए आज सर्वोच्च न्यायालय ने कई अंतरिम निर्देश जारी किए। मुख्य*

*न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और वी मोहना की पीठ ने प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। न्यायालय ने कहा कि पिछले सप्ताह हुए प्रदर्शनों के दौरान छात्रों और पुलिस अधिकारियों को लगी चोट के आरोपों की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच आवश्यक है। पीठ ने प्रदर्शन वाले सभी राज्यों को निर्देश दिया कि वे सीसीटीवी फुटेज, ड्रोन रिकॉर्डिंग, कैमरा फुटेज, वायरलेस संचार रिकॉर्ड, पीसीआर लॉग और प्रदर्शनों से संबंधित अन्य डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखें। लेकिन उसे सार्वजनिक न किया जाए। न्यायालय ने उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, बिहार, केरल और मध्य प्रदेश के मुख्य सचिवों से याचिकाओं में लगाए गए आरोपों पर जवाब भी मांगा है। समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

———————————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर में बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट की नव निर्वाचित कार्यकारिणी के परिचय समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि त्वरित और सुगम न्याय के प्रहरी के रूप में अधिवक्ताओं की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं। श्री योगी ने कहा कि अधिवक्ताओं को बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने के साथ ही 10 ज़िलों में इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्पलेक्स का निर्माण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने अधिवक्ता कल्याण निधि को बढ़ाने के साथ ही 500 करोड़ रुपए के कॉर्पस फंड की व्यवस्था की है। बाइट.....**

*अधिवक्ता कल्याण निधि की स्थापना के कार्य को आगे बढ़ाते हुए पहले ये किसी विद्वान अधिवक्ता के दिवंगत होने पर मात्र 1.5 लाख मिलते थे। हमने*

*कहा कि 1.5 लाख बहुत कम राशि है। इस राशि को हमने ₹5 लाख किया। हम लोगों ने इसके जो कॉर्पस फंड है, इसको हमने ₹500 करोड़ का ही कॉर्पस फंड आपका बना दिया है। कि राज्य सरकार कोई भी रहे इसके ब्याज से ही सारा काम चलेगा। अब तक हम 4000 ऐसे अधिवक्ताओं के परिवारजनों को 200 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि उपलब्ध करवा चुके हैं।*

———————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

———————

**राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में वाराणसी के महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ का 48वां दीक्षान्त समारोह आज सम्पन्न हुआ। दीक्षान्त समारोह में विश्वविद्यालय और सम्बद्ध महाविद्यालयों के 63 हज़ार 183 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। अपने संबोधन में राज्यपाल ने विद्यार्थियों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने, नैतिक**

मूल्यों को जीवन में अपनाने और समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया।

————————

उत्तर प्रदेश शासन ने आज 15 आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया है। तबादला सूची के अनुसार तरुण गाबा को लखनऊ का नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। अशोक मुथा डीजी फायर सर्विस बनाए गए हैं। आईपीएस मधुर अशोक जैन को पुलिस महानिदेशक मुख्यालय से पुलिस महानिदेशक अग्निशमन और आपात सेवा बनाया गया है।

अमरेन्द्र कुमार सेंगर को पुलिस आयुक्त, लखनऊ से पुलिस महानिरीक्षक अभिसूचना मुख्यालय भेजा गया है, जबकि राम कुमार को लखनऊ रेंज से गोरखपुर जोन का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। नवीन अरोरा को तकनीकी सेवाओं से वाराणसी जोन और पीयूष मोर्डिया को वाराणसी जोन से प्रयागराज पुलिस आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है।

————————

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में पवित्र सावन माह के दौरान होने वाली कांवड़ यात्रा को सुरक्षित और शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक इंतज़ाम किए जा रहेहैं। वाराणसी में बाबा विश्वनाथ के जलाभिषेक के लिए

आने वाली महिला कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए वाराणसी नगर निगम महिला श्रद्धालुओं के लिए अलग आवास, शौचालय और फीडिंग रूम की व्यवस्था करेगा। अमरोहा में कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए हाईवे पर 30 जुलाई से 28 अगस्त तक वाहनों की गति सीमित कर दी जाएगी। यात्रा के दौरान कांवड़ियों के लिए हाईवे की एक साइड आरक्षित रहेगी। हापुड में भी कांवड़ यात्रा को लेकर 30 जुलाई से कांवड़ मार्गो पर रूट डायवर्जन लागू कर दिया जाएगा। मेरठ में कांवड़ यात्रा के मद्देनजर भारी वाहनों के लिए यातायात परिवर्तन आज मध्य रात्रि से लागू होगा।

अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन भानु भास्कर ने बताया कि हल्के और मध्यम श्रेणी के वाहनों के लिए मार्ग परिवर्तन चार अगस्त की मध्यरात्रि से लागू होगा और 12 अगस्त तक प्रभावी रहेगा। मेरठ के जिलाधिकारी डॉक्टर वी.के. सिंह ने बताया कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कांवड़ यात्रा की तैयारियां पूरी कर रहे हैं। बाइट.....

*मेरा की लगभग 222 किलोमीटर से अधिक कांवड़ मार्ग है जिसमें कि आठ प्रमुख मार्ग है और सभी मार्गों का वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण कर लिया गया है। नगर निगम के द्वारा भी बिजली के खंभों का इंसुलेशन का काम किया जाता है। ये सारे काम प्रगति पे हैं। इसके अलावा कांवड़ पट्टी मार्ग जो राइट सिलावा अपर गंगा कैनाल बोलते हैं, उनकी भी मेजर रिपेयरिंग हो चुकी है। जिला पंचायत के माध्यम से हम लोग पूरे मार्ग में पथ*

*प्रकाश की व्यवस्था अच्छे से हो पिछले विगत वर्ष में यदि कोई कमी रह गई उसको भी ठीक दुरुस्त कराते हुए वो व्यवस्था हम लोग करा रहे हैं।*

————————

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्रदेश के सभी जनपदों को कुल 2 करोड़ तिरंगे तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस महा अभियान में मिशन से जुड़े 50 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं तिरंगों का निर्माण करेंगी। इससे ग्रामीण महिलाओं को अतिरिक्त आजीविका और आय का अवसर प्राप्त होगा, वहीं प्रदेश के प्रत्येक घर तक राष्ट्रध्वज पहुंचाने के राष्ट्रीय अभियान को भी नई गति मिलेगी।

————————

अयोध्या, बिजनौर, संभल, सुल्तानपुर गौतमबुद्धनगर और सहारनपुर समेत आसपास के जनपदों में रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश और बांधा से पानी छोड़े जाने के कारण बाराबंकी और अयोध्या में घाघरा नदी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। मौसम विभाग ने प्रदेश में आगामी 3 दिनों के दौरान भारी वर्षा का अनुमान जताया है।

(समाप्त)